ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ
Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Lucknow
(Uttar Pradesh State Government University)

सर्वोच्च प्राथमिकता / अत्यावश्यक
संख्याः 2685 / भाविवि / प0नि0का0 / 2025
दिनांकः 25 ,अक्टूबर, 2025

# विज्ञप्ति

विश्वविद्यालय के कार्यालय ज्ञाप संख्या–305 / अधि0शै0 / भाविवि / 2025 दिनांक 02 सितम्बर, 2025 द्वारा नियमित एवं स्ववित्तपोषित योजना अन्तर्गत संचालित समस्त पाठ्यक्रमों के विषम सेमेस्टर (तृतीय, पंचम एवं सप्तम सेमेस्टर) का पंजीकरण शुल्क विलम्ब शुल्क जमा किए जाने हेतु अन्तिम तिथि 15.10.2025 निर्धारित की गयी थी। उक्त निर्धारित अन्तिम तिथि तक वांछित शुल्क जमा किये जाने हेतु पुनः विश्वविद्यालय द्वारा पत्र संख्या–2175 / भाविवि / प0नि0का0 / 2025 दिनांक 27.09.2025, पत्र दिनांक 04.10.2025 एवं पत्र दिनांक 09.10.2025 जारी किये गये थे।

संदर्भित पत्रों मे स्पष्ट रूप से अंकित किया गया था कि उक्त निर्धारित अन्तिम तिथि तक जिन छात्र–छात्राओं द्वारा विलम्ब शुल्क के साथ सेमेस्टर शुल्क जमा नहीं किया जायेगा उन छात्र–छात्राओं के विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा फार्म भरवाया जाना सम्भव नही होगा किन्तु उसके बावजूद भी अभी तक 183 छात्र–छात्राओ द्वारा अपना सेमेस्टर शुल्क जमा नहीं किया गया है।

विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 16.10.2025 से समर्थ पोर्टल के माध्यम से विषम सेमेस्टर दिसम्बर–2025 के परीक्षा फार्म भरवाये जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि सेमेस्टर शुल्क जमा किये जाने हेतु निर्धारित अन्तिम तिथि 15.10.2025 तक भी **जिन 183 छात्र–छात्राओं द्वारा सेमेस्टर शुल्क जमा नही किया गया है, उन्हें विलम्ब शुल्क रू0 2500/– के साथ सेमेस्टर शुल्क जमा किये जाने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा छात्रहित में अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए पुनः दिनांक 25.10.2025 से 31.10.2025 तक सेमेस्टर शुल्क जमा किये जाने हेतु पोर्टल खोल दिया गया है।**

उक्त छात्र–छात्राओ को निर्देशित किया जाता है कि उक्त **निर्धारित विलम्ब शुल्क के साथ अपना सेमेस्टर शुल्क अनिवार्य रूप से अन्तिम तिथि 31.10.2025 तक जमा कर अपना परीक्षा फार्म प्रत्येक दशा मे भरना सुनिश्चित करें।** अन्तिम तिथि व्यतीत हो जाने के उपरान्त किसी भी छात्र–छात्रा का न तो विश्वविद्यालय द्वारा सेमेस्टर शुल्क जमा कराया जायेगा और न ही परीक्षा फार्म भराया जायेगा।

( विकास )
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. वैयक्तिक सहायक, कुलपति को माननीय कुलपति महोदय के सादर अवलोकनार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
3. अधिष्ठाता, शैक्षणिक।
4. समस्त शिक्षकों को इस आशय के साथ प्रेषित कि वे अपने स्तर से समस्त छात्र–छात्राओं को सूचित करना सुनिश्चित करें।
5. वेबसाइट एडमिनिस्ट्रेटर को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर प्रदर्शित करने हेतु।
6. मीडिया प्रभारी को इस आशय से कि छात्रहित में उक्त सूचना सम्मानित समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
7. सम्बंधित छात्र–छात्राओं को ई–मेल पर प्रेषित किये जाने हेतु।
8. समस्त सूचना पटलों पर चस्पा करने हेतु।
9. सम्बंधित पत्रावली / गार्ड फाइल।

25.10.2025
परीक्षा नियंत्रक

परीक्षा नियंत्रक
ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय
लखनऊ।